## महत्वपूर्ण एवं खास

### बस स्टैण्ड में यात्री से 90 हजार की उठाईगिरी

**रायपुर (आरएनएस)।** यात्री से भाठागांव बस स्टैंड में 90 हजार की उठाईगिरी का मामला सामने आया है। पूरा मामला टिकरापारा थाने का है। जानकारी के मुताबिक एक यात्री कहीं जाने के लिए टिकट काउंटर के पास खड़ा था। इस दौरान उसके बैग से 90 हजार कैश पार हो गए। जिसकी शिकायत करने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते 2 चोरों को हिरासत में लिया है। दोनों के कब्जे से कुछ रकम की जब्ती भी हुई है। खबर लिखे जाने तक दोनों आरोपियों से कड़ाई से पूछताछ की जा रही है।

### 25 दिव्यांगजनों को पेट्रोल चलित स्कूटी का हुआ वितरण

**रायपुर (आरएनएस)।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कवर्धा प्रवास के दौरान विधायक कार्यालय में जिले के 25 दिव्यांगजनों को पेट्रोल चलित स्कूटी वितरण किया। उन्होंने इस अवसर पर दूर-दराज से आए दिव्यांगजनों से आत्मीयता से मुलाकात की और उनकी समस्याओं से रूबरू भी हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विष्णु देव साय की सरकार आपके सहयोग और आर्थिक विकास के लिए हमेशा साथ रहेगी। उन्होंने कहा कि लोगों की सेवा और क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता में शामिल है। प्राथमिकता से सभी समस्याओं का निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा दिव्यांगजनों और आमजनों की सेवा में आत्मीय खुशी मिलती है। शर्मा ने इससे पहले कवर्धा आगमन के दौरान ठाकुरदेव चौक में अपने वाहन रुकवाकर आमजनों से भेंट की और सभी का हालचाल जाना। उपमुख्यमंत्री शर्मा कबीरधाम जिले के एकदिवसीय प्रवास पर है। शर्मा आज जिले के तरेगांव, रेंगाखार और कवर्धा के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित विश्व आदिवासी दिवस कार्यक्रम में भी शामिल हो रहे हैं।

### घर में सो रहे चार ग्रामीणों को गजराज ने रौंदा

**जशपुर-रायपुर (आरएनएस)।** जशपुर जिले में दर्दनाक घटना सामने आई है. यहां हाथी के हमले से घर में सो रहे चार लोगों की मौत हो गई. मृतकों में पिता, पुत्री, चाचा व पड़ोसी युवक शामिल हैं. घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची है. यह मामला नगर पंचायत बगीचा के गम्हरिया वार्ड नंबर 9 का है. मिली जानकारी के मुताबिक, रात 12 बजे अकेले घूम रहे हाथी ने बगीचा में जमकर उत्पात मचाया. वहीं हाथी के हमले से पिता, पुत्री व चाचा की मौत हो गई. शोरगुल सुनकर बचाने आए पड़ोसी युवक को भी हाथी ने मौत के घाट उतार दिया. घटना की सूचना पर वन अमला और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची है।

### झरझरा वाटर फॉल पर 3 दंतेल हाथियों के पहुंचने से मचा हडक़ंप, जान बचा कर भागे पर्यटक

**गरियाबंद (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में लगातार हाथियों के हमले की खबरें सामने आ रही है. जंगली हाथी वन क्षेत्रों से लगे गांवों में जा कर आतंक मचा रहे हैं. ऐसे में आज गरियाबंद जिले के झरझरा वाटर फॉल के पास मंदिर पर अचानक तीन दंतेल हाथी पहुंच गए. इससे वहां मौजूद पर्यटकों में हडक़ंप मच गया. दंतेल हाथियों को झरझरा वाटरफॉल पर आते देख पर्यटक अपनी जान बचाने के लिए वाहन वहीं छोडक़र भागे. मौके पर मौजूद लोगों ने जैसे तैसे हाथियों से अपनी जान बचाई. फिलहाल आस पास के पूरे गांव में ग्रामिण हाथियों के दहशत में हैं. जानकारी के अनुसार, जंगली हाथियों ने जिले के फिंगेश्वर और पाण्डुका वन परिक्षेत्र में डेरा जमाया है. वे आस पास के गांवों में घुस कर मकानों और फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं. वन विभाग ने ग्राम फुलझर, मुरमुरा, सांकरा सहित कई गांवों में हाथियों के खतरे का हाई अलर्ट जारी किया है।

# प्रदेश में एक साथ हो सकते हैं नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव : डिप्टी सीएम साव

**रायपुर । आरएनएस**



प्रदेश में आगामी नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ हो सकते हैं. इसे लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि सरकार चुनाव को लेकर आम जनता से राय ले रही है. देश में वन नेशन वन इलेक्शन की चर्चा हो रही है, सरकार भी इस दिशा में सोच रही है. इसलिए सरकार ने एक समिति का गठन किया है. लोग अपनी राय रखेंगे, दोनों तरह की निकाय चुनाव के लिए अलग-अलग नियम बने हुए हैं. समिति कानूनी प्रावधानों का अवलोकन करके रिपोर्ट सौंपेगी, उसके हिसाब से सरकार आगे बढ़ेगी.

वहीं आज विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर डिप्टी सीएम साव ने प्रदेश के सभी आदिवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी. उन्होंने कहा कि प्रदेश के सबसे पुराने समाज यानि आदिवासी समाज के लोगो को बधाई देता हूं. हमारी सरकार आदिवासी समाज के हित में लगातार बड़े कदम उठा रही है. आज प्रदेश में कई जगहों पर बड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए है. हम सभी को बधाई देते हैं.

**विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर कांग्रेस की संविधान यात्रा**

भाजपा के विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के दिन 14 अगस्त को कांग्रेस संविधान यात्रा निकालेगी. इसे लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि भ्रम पैदा करना ही कांग्रेस की राजनीतिक आधार है.

डिप्टी सीएम साव ने आगे कहा- विभाजन हम सबके जहन में है कि कैसे लोगों ने कष्ट झेले हैं, कैसे इतनी बड़ी संख्या में लोगों के कतले आम हुए हैं, लोगों को धर्म संपत्ति परिवार की रक्षा के लिए क्या-क्या करना पड़ा है, यह हम सब ने देखा है. उसी विभीषिका को याद करना आज की पीढ़ी के लिए आवश्यक है. इसलिए भाजपा ने देशभर में 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया है.

उपमुख्यमंत्री साव ने संविधान यात्रा निकालने को लेकर कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी की देशभक्ति जग जाहिर हो चुकी है. ये एक परिवार के हित के संरक्षण के लिए काम करती है. भाजपा देश के हित में काम करने वाली पार्टी है. हर घर तिरंगा अभियान और तिरंगा यात्रा का आयोजन भाजपा करती रही है. कांग्रेस नकल करने की कोशिश कर रहे हैं. देश में कांग्रेस की प्रासंगिकता बची नहीं है.

कांग्रेस हर मुद्दे पर भ्रम पैदा कर राजनीति करती है: डिप्टी सीएम साव

वक्फ बोर्ड अधिनियम में संशोधन को लेकर उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि देश की एक पार्टी ने संविधान का उल्लंघन किया है, आपातकाल लगाकर संविधान को तोड़ा मरोड़ा है. कई बार कांग्रेस पार्टी ने संविधान का उल्लंघन किया. वक्फ अधिनियम में संशोधन का विषय आज के समय की आवश्यकता है. कांग्रेस पार्टी हर मामले में राजनीति करती है. कांग्रेस हर मुद्दे पर भ्रम पैदा कर राजनीति करती है.

## सीएम साय के नाम से फर्जी फेसबुक आईडी बनाने वाला गिरफ्तार, राजस्थान से पुलिस ने दबोचा

**रायपुर । आरएनएस**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम एवं फोटो का दुरुपयोग कर फेसबुक में फर्जी आईडी बनाने वो आरोपी को पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार किया है. प्रार्थी मनोज कुमार साहू की रिपोर्ट पर पुलिस ने सिविल लाइन थाने में रिपोर्ट दर्ज किया गया था.

मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह ने साइबर यूनिट और पुलिस अफसरों को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश थे. पुलिस टीम बनाकर मामले की जांच में जुटी और फर्जी आईडी का तकनीकी विश्लेषण करते हुए अज्ञात आरोपी की पहचान करने में सफलता प्राप्त की. अज्ञात आरोपी को राजस्थान के अलवर में लोकेट किया गया.

वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन कर टीम को राजस्थान के अलवर रवाना किया गया. आरोपी की पतासाजी करते हुए आरोपी साहूकार खान निवासी कोटाखुर्द, राजस्थान को पकड़ा गया. प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त घटना को अंजाम देने की बात कही. आरोपी साहूकार खान को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जब्त किया गया।

# घर मे घुसकर लूटपाट करने वाले 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

- आरोपियों के कब्जे से लूटे गये मशरूका सोने के मंगल सूत्र एवं अंगूठी बरामद
- घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल व नकली पिस्तौल किया गया जब्त

**बिलासपुर । आरएनएस**



मिली जानकारी के अनुसार 9 अगस्त शुक्रवार को प्रार्थिया शालिनी देवांगन पति सुभम देवांगन निवासी भूमि विहार ग्राम बिजौर ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि तीन अज्ञात व्यक्ति दोपहर करीब 2 बजे उनके घर में घूसकर पिस्तौल अड़ाकर उनसे 2 मंगल सूत्र एवं अंगूठी करीब 18 ग्राम किमत 70 हजार रूपए लूट कर फरार हो गये हैं। घटना की गंभीरता को देखते हुये घटना के संबंध मे तत्काल पुलिस अधीक्षक बिलासपुर रजनेश सिंह (भापुसे) को अवगत कराया गया। पुलिस अधिक्षक ने स्वयं तत्काल थाना सरकण्डा पुलिस की टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर घटना स्थल निरीक्षण कर क्षेत्र के सीसीटीव्ही फू टेज खंगालने व गुण्डा व निगरानी बदमाशों को तस्दीक करने निर्देशित किये। जिसपर मामले में अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप व सीएसपी सरकण्डा सिद्धार्थ बघेल के मार्ग दर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक तोपसिंह नवरंग के नेतृत्व में सरकण्डा पुलिस के द्वारा अलग-अलग टीम बनाकर अज्ञात आरोपियों के भागने के संभावित रूट पर लगभग 100 सीसीटीव्ही कैमरों का निरीक्षण किया गया एवं क्षेत्र के गुण्डा व निगरानी बदमाशों को तस्दीक करने पर सरकण्डा पुलिस टीम को दिनांक 10 अगस्त शनिवार को घटना के संबंध में आवश्यक व अहम सुराग मिला। जिसके आधार पर संदेही आदतन बदमाश बाबू ईरानी एवं उसके साथी सुभाष निषाद व शिवराम यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया एवं लूटी गये सामान व नदग को आपस में बांट लेना बताया। जिसके बाद आरोपियों के बयान के आधार पर उनसे लूट हुआ 2 सोने का लॉकेट 10 नग सोने का गेहूं दाना एवं 8 नग सोने का मोतीदाना एवं 1 नग अंगूठी अलग-अलग बरामद किया गया तथा आरोपियों द्वारा घटना कारित करने में प्रयुक्त मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 बीसी 8709 एवं प्लास्टिक का नकली पिस्टल बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

## राज्य के 160 आईटीआई बनेगा मॉडल आईटीआई

**रायपुर । आरएनएस**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर छत्तीसगढ़ के युवाओं को रोजगार से जोडऩे के लिए राज्य के 160 आईटीआई को मॉडल आईटीआई के रूप में उन्नयन किया जा रहा है। इसके लिए रोजगार एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा 484 करोड़ 22 लाख रूपए की स्वीकृति जारी की गई है। मॉडल आइटीआई में उन्नयन के पश्चात युवाओं को स्थानीय उद्योगों की मांग के मुताबिक प्रशिक्षण मिल सकेगा। राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने मॉडल आईटीआई में उन्नयन को राज्य के युवाओं के लिए बड़ी उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप राज्य के आईटीआई को मॉडल आईटीआई में अपग्रेड करने की योजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि योजना के पहले चरण में प्रदेश के 160 आईटीआई के लिए 484.22 करोड़ रूपए का तीन वर्षीय प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है। बलौदाबाजार के सकरी स्थित आईटीआई को मॉडल आईटीआई बनाने का काम जल्द शुरू होगा। इसके लिए सिडबी योजना के तहत 20 करोड़ 13 लाख रुपए की राशि की स्वीकृति जारी की गई है।

## टाउन में अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार, आरोपी से 30 पाव शराब जब्त

**रायगढ़**

सुबह, जूटमिल पुलिस ने टाउन क्षेत्र में पेट्रोलिंग के दौरान एक युवक को अवैध रूप से शराब ले जाते हुए गिरफ्तार किया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति पुराना सारंगढ़ बस स्टैंड मटन मार्केट से संत विनोबा नगर की ओर एक प्लास्टिक बैग में भारी मात्रा में शराब लेकर जा रहा है।

सूचना के आधार पर पुलिस ने मौके पर घेराबंदी की और संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। युवक ने अपना नाम रोहन दत्ता पिता स्वप्नेन्द्र दत्ता (21 वर्ष) बताया, जो संत विनोबा नगर वार्ड क्रमांक 34 का निवासी है। आरोपित के बैग की तलाशी में 180 एमएल की सीलबंद बोतल में 16 नग देशी प्लेन शराब और 14 नग देशी मसाला शराब मिली जिसकी कीमत 2,680 रुपये है। जांच में पाया गया कि वह अवैध रूप से शराब बेचने के उद्देश्य से इसे ले जा रहा था। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59(क) के तहत मामला दर्ज किया गया और उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज के निर्देशन पर शराब रेड की इस कार्रवाई में महिला प्रधान आरक्षक रेखा नागरे, आरक्षक सुशील यादव और जितेश्वर चौहान शामिल थे।

## 46 समिति प्रभारियों ने लगाई याचिका, हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब, तीन हफ्ते की दी मोहलत

**बिलासपुर । आरएनएस**



धान खरीदी केंद्रों में सूखत को लेकर राज्य शासन द्वारा समितियों पर कार्रवाई की जाती है. इसके खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका लगाई गई है. कोर्ट ने राज्य शासन को तीन सप्ताह की मोहलत दी है. तब तक सूखत के नाम पर समितियों पर किसी तरह की कार्रवाई पर रोक रहेगी.

दरअसल, प्रदेश में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के बाद समितियों से तय समय पर धान संग्रहण केंद्र ना पहुंचने पर सूखत के बाद राज्य शासन समितियों पर कार्रवाई करती है. इसे लेकर प्रदेश के अलग-अलग जिलों के 46 समिति प्रभारियों ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई है, जिसमें कहा गया है कि मार्कफेड द्वारा तय समय पर धान का उठाव व ट्रांसपोर्टिंग नहीं कराया जाता. इसके चलते धान में सूखत की वजह से वजन घट जाता है. इसकी रिकवरी समितियों से की जाती है. मार्कफेड अफसरों की लापरवाही का खामियाजा समिति क्यों भुगते.

जस्टिस एनके चंद्रवंशी की कोर्ट में सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई हुई. कोर्ट ने राज्य शासन व मार्कफेड के अफसरों से पूछा कि सूखत का क्या मापदंड है. इसे लेकर प्रदेश के अलग-अलग जिलों में अलग-अलग क्या नियम बनाए गए हैं. इस पर मामले की सुनवाई के दौरान मार्कफेड के एमडी ने शपथ पत्र के साथ कोर्ट को जानकारी दी कि इस तरह का कोई मापदंड तय नहीं किया गया है. मामले में हुई पूर्व की सुनवाई में हाईकोर्ट ने राज्य शासन को नोटिस जारी कर याचिकाकर्ता समितियों को सूखत के संबंध में अभ्यावेदन पेश करने और इस पर 30 दिनों के भीतर निराकरण करने का निर्देश दिया था।

## इंग्लैंड में व्याख्यान देगे छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक दिनेश मिश्रा

**रायपुर । आरएनएस**

प्रदेश के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ एवं अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति के अध्यक्ष डॉ .दिनेश मिश्र को लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी यूनाइटेड किंगडम द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला मे भारत से आमंत्रित किया गया है जहां वे डायन प्रताडऩा औरमानवाधिकार के मुद्दे पर आयोजित इस कार्यशाला में व्याख्यान देंगे।

महिला प्रताडऩा और उनके मानवाधिकार हनन के कारणों में एक प्रमुख कारण अंधविश्वास और डायन के संदेह में प्रताडऩा भी है जो एशिया के देशों ,,अफ्रीका सहित अनेक देशों में जारी है। प्र इंग्लैंड की लैंकेस्टर यूनिवर्सिटी में 19 व20सितंबर को आयोजित इस कार्यशालामेंयूरोप ,अफ्रीका ,आस्ट्रेलिया, ब्रिटेन ,के मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष, विश्विद्यालयों के प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता सहित यूनाइटेड नेशंस के मानवाधिकार परिषद पदाधिकारी भाग लेंगे।

इसके पूर्व डॉ दिनेश मिश्र ने2016 में यूनाइटेड नेशन्स द्वारा जिनेवा में डायन के संदेह में महिला प्रताडऩा और मानव अधिकार विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में भाग लिया,और व्याख्यान दिया था, साथ 2014 में बेल्जियम में आयोजितसंगोष्ठी में व्याख्यान दिया था।

ज्ञात हो डॉ दिनेश मिश्र पिछले 28 वर्षो से जादू टोने के संदेह में महिला प्रताडऩा, डायन (टोनही) प्रताडऩा, उनके मानवाधिकार विभिन्न अंधविश्वासो और सामाजिक कुरीतियों तथा महिला के खिलाफ लगातार कार्य कर रहे है जिसके तहत देश भर में 3 हजार से अधिक सभाएं कर चुके है स्कूल,कॉलेजो ,सामाजिक संगठनों के साथ कार्यशालाओं में 1 लाख से अधिक विद्यार्थियों को प्रशिक्षित कर चुके है छत्तीसगढ़ के अलावा मध्यप्रदेश ,आसाम आंध्रप्रदेश ,ओडिसा,झारखण्ड ,महाराष्ट्र ,दिल्ली,हरियाणा, राजस्थान ,बिहार ,उत्तरप्रदेश ,कर्नाटक,में अभियान चला चुके है ।छत्तीसगढ़ में जादू टोने के आरोप में महिला प्रताडऩा टोनही प्रताडऩा के खिलाफ जन जागरण तथा प्रदेश में कानून बनाने केलिए किये गए कार्यो केलिए राज्य अलंकरण पण्डित रविशंकर शुक्ल सम्मान 2006 में दिया जा चुका है वही देश भर में वैज्ञानिकदृष्टिकोण के विकास एवं अंधविश्वास निर्मूलन के लिए किए गए कार्यों के लिये 2007 में भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा नेशनल एवार्ड प्रदान किया जा चुका है वही प्रदेश महिला आयोग द्वारा 2006 में महिला उत्पीडऩ के लिए किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया जा चुका है।

# सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं : उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा

- उपमुख्यमंत्री पहुंचे रायपुर के आजाद हॉस्टल, वार्षिक हॉस्टल डे में हुए शामिल
- आजाद हॉस्टल में रहकर पढ़ें हैं उपमुख्यमंत्री शर्मा
- छात्रावासी छात्र-छात्राओं ने किया उपमुख्यमंत्री का अभिनंदन

**रायपुर । आरएनएस**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं होता, कभी भी सफलता के लिए शॉटकट रास्ता ढूंढऩे की कोशिश नहीं करनी चाहिए, जो हम अपने प्रारबद्ध को बदल नहीं सकते हैं। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगन और ईमानदारी के साथ उस दिशा में लग जाना चाहिए। कड़ी मेहनत से ही जीवन में आगे बढ़ा जा सकता है, सफलता हासिल की जा सकती है, जबकि मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता है।

उन्होंने कहा कि मुकाम प्राप्त करने के बाद बैठ जाना की सफलता नहीं कहा जा सकता, बल्कि उस विषय में दक्षता और महारथ हासिल होना चाहिए। साथ ही उस लक्ष्य को पाने की दिशा में आगे बढऩा चाहिए। उपमुख्यमंत्री शर्मा आज पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर स्थित सभाकक्ष में आयोजित शहीद चंद्रशेखर आजाद हॉस्टल डे को सम्बोधित कर रहे थे। गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री शर्मा भी इस हॉस्टल में रहकर अध्ययन किए हैं। उपमुख्यमंत्री बनने के बाद पहुंचे शर्मा को आजाद हॉस्टल के छात्रों सहित परिसर स्थित अन्य हॉस्टल के छात्र-छात्राओं ने उल्लासपूर्वक उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री शर्मा ने पूर्व छात्रों, अधीक्षकों, प्रोफेसरों तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रों तथा कर्मचारियों को सम्मानित किया। छात्रावास के छात्र-छात्राओं द्वारा उपमुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

उपमुख्यंत्री विजय शर्मा ने छात्रावास डे को सम्बोधित करते हुए कहा कि जीवन में सबकुछ योजना के मुताबिक हो, ऐसा सम्भव नहीं हो पाता, लेकिन हमें लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए योजना बनाकर मंजिल को प्राप्त करने की दिशा में हरसंभव प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने संस्कार और परंपरा को नहीं भुलना चाहिए। बड़ों के प्रति सम्मान और संस्कार से हम जीवन में आगे बढ़ सकते हैं, सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने सभी हॉस्टल छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। इस मौके पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम में पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सच्चिदानंद शुक्ल, राज्य सूचना आयोग के सचिव गोपाल वर्मा, कुलसचिव शैलेन्द्र पटेल, डॉ. रविन्द्र मिश्र, डॉ. एम.एल. नायक सहित बड़ी संख्या में पूर्व छात्र तथा विभिन्न हॉस्टल के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

SJU Social Justice Union

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छतीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU